हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29 .1 डिग्री
न्यूनतम 7 .4 डिग्री

12 उपग्रहों के मॉडल पर आधारित लगाई प्रदर्शनी



12 मिस्सी रोटी की जगह छात्रों को दे रहे थे साधारण चपाती



## खबर संक्षेप

### पराली से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, यातायात बाधित

**पानीपत।** पानीपत के हडताडी गांव के पास नहर पुल पर पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस घटन से रोड पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और पराली सडक से हटवा कर यातायात सुचारू करवाया। इस कार्य में तीन घंटें लग गए। पुलिस की जांच में पता चला कि ट्रॉली का पहिया गड्ढे में फंसने के कारण हादसा हुआ।

### चोरी और हत्या के प्रयास का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**अंबाला।** आपराधिक मामले में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 11 नवंबर 2025 को पुलिस ने डेहा कॉलोनी के आरोपी राजेश को गिरफ्तार किया है। पहले गिरफ्तार आरोपी रजत उर्फ डोल ने बताया था कि आरोपी राजेश भी इस मामले में संलिप्त है। इसके अतिरिक्त आरोपी राजेश के खिलाफ चोरी, हत्या का प्रयास,एनडीपीएस,लड़ाई-झगडा व फिरौती मांगने के लगभग 14 मामले दर्ज हैं।

### भूमि संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया

**शहजादपुर।** केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त जलशक्ति की टीम जिसमें अमन गर्ग, संयुक्त सचिव, वित्त मंत्रालय व मुख्य वैज्ञानिक नेमा अख्तर, केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा पोस्ट मानसून की समाप्ति के बाद कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की शाखा भूमि संरक्षण द्वारा पिछले वर्ष व इस वित्तीय वर्ष में करवाए गए भूमि संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया गया। संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता-कम-नोडल अधिकारी, (जलशक्ति) सिंचाई विभाग भी मौजूद रहे। दलबीर सिंह, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा करवाए गए कार्यो की रिपोर्ट टीम के सम्मुख प्रस्तुत की गई । गांव छज्जूमाजरा व बहलोली ब्लॉक शहजादपुर मे करवाए गए चेक डेमों का निरीक्षण किया गया।

### गीता महोत्सव के दौरान धारा 163 रहेगी लागू

**कुरुक्षेत्र।** जिलाधीश एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का आयोजन 15 नवंबर 2025 से 5 दिसम्बर 2025 तक किया रहा है। इस महोत्सव के दौरान आम जनता की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में बीएनएसएस 2023 की धारा 163 को लागू किया जाता है। ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति असला, हथियार, लाठी, डंडा इत्यादि लेकर नहीं जा सकते।

# लापता होने के डर से परिवार ने बेड़ियों में जकड़ दी किशोरी, रेस्क्यू की तैयारी

## इंसानियत को झकझोर करने वाली घटना सामने आई

*अब सामाजिक संस्थाओं ने पीड़ित किशोरी को रिहा करने का लिया निर्णय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किशोरी घर से लापता न हो जाए इसलिए एक परिवार ने उसके पैरों में बेड़ियां डालकर ताला लगा दिया। इंसानियत को झकझोर देने वाला यह मामला कैथ माजरी का है। यहां एक 16 वर्षीय किशोरी के पैरों में बेड़ियां डाल दी गईं।

बताया जा रहा है कि परिवार ने यह कदम मजबूरी में उठाया ताकि किशोरी कहीं चली न जाए। किशोरी के इस अमानवीय हालात की सूचना मिलते ही सामाजिक संस्थाएं हरकत में आ गई। अंबाला



**अंबाला।** किशोरी के पैरों में जकड़ी गई बेड़ियां। *फोटो : हरिभूमि*

शहर की समाजसेवी संस्था वंदे मातरम दल ने जब इस मामले की सूचना पाई तो उसने तुरंत मनुख्ता दी सेवा सब तो वड्डी सेवा सोसायटी लुधियाना को सूचित किया। दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि किशोरी को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर लुधियाना ले जाया जाएगा ताकि उसे उचित देखभाल और परामर्श मिल सके। भरत ने यह भी बताया कि वंदे मातरम दल की टीम अंबाला छावनी से एक अन्य 16 वर्षीय किशोर को भी रेस्क्यू करने जा रही है। यह किशोर मोबाइल फोन का अत्यधिक आदी हो गया था जिसके कारण उसके व्यवहार में नकारात्मक बदलाव आ रहे थे। संस्था अब इस किशोर को भी लुधियाना ले जाकर डिजिटल एडिक्शन से मुक्ति दिलाने और मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु उपचार करवाएगी। संस्था के सदस्यों का कहना है कि समाज में ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जहां परिवार या तो मजबूरी में या जानकारी के अभाव में बच्चों के साथ कठोर व्यवहार कर बैठते हैं। वंदे मातरम दल और मनुख्ता दी सेवा सोसायटी ऐसे मामलों में लगातार हस्तक्षेप कर जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित जीवन की ओर लौटाने का प्रयास कर रही हैं।

इस पूरी घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता कितनी आवश्यक है। फिलहाल, संस्थाएं दोनों बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उनकी नई शुरुआत कराने की तैयारी कर रही हैं।

### उपचार और पुनर्वास किया जाएगा

*वंदे मातरम दल के सदस्य भरत ने बताया कि संस्था की टीम कैथ माजरी पहुंचकर किशोरी को रेस्क्यू करेगी। उन्होंने कहा कि बच्ची के साथ जो भी परिस्थितियां बनीं, वह बेहद संवेदनशील हैं, और संस्था का उद्देश्य उसे एक सुरक्षित वातावरण देना है, जहां वह सम्मानजनक जीवन जी सके। भरत ने कहा कि लुधियाना स्थित सोसायटी में किशोरी को न केवल सुरक्षित ठिकाना मिलेगा, बल्कि उसका मनोवैज्ञानिक उपचार और पुनर्वास भी किया जाएगा।*

# पीएम प्रदेश को देंगे कई परियोजनाओं की सौगात



- 25 नवंबर को मोदी कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में आएंगे : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को चरितार्थ किया है।

अब 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में श्री गुरुतेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में हरियाणा को कई नई परियोजनाओं की सौगात देंगे। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांव खानपुर कौलिया, गांव बीड मथाना, गांव सिरसमा व पिपली में आयोजित कार्यक्रमों में बोल रही थी।

उन्होंने नागरिकों को 25 नवंबर को ज्योतिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का न्यौता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मीडिया को ऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, परमजीत कौर कश्यप, सुरेंद्र माजरी, सरपंच रामकुमार खानपुर कौलिया, सरपंच नरेंद्र नैन, सरपंच देवीदयाल सिरसमा, गुरुदत्त आदि मौजूद रहे।

# हर आतंकी साजिश का भारत देगा मुंहतोड़ जवाब : कृष्ण लाल पंवार

**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार शाहाबाद के गांव संभालखी में हरजीत सिंह संभालखी के पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे। इस दौरान पत्रकारवार्ता करते हुए पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान की नापाक हरकत का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया था और उस समय भारत की सेना ने आप्रेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया था। उन्होंने साफ कहा कि दिल्ली में हाल में हुई आतंकी घटना जैसी कोई भी साजिश भारत को डराने में सफल नहीं हो सकती देश हर हमले का करारा जवाब देगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और सामाजिक-धार्मिक एकता के तीन बड़े भरोसे दिये हैं और आज इन तीनों मोर्चों पर भारत नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश आज हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन



रहा है और दुनिया में भारत की साख लगातार बढ़ी है। इससे पहले गांव में पहुंचने पर हरजीत सिंह संभालखी, युवराज सिंह, परपिन्द्र संधू, सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, पवन कुमार, रवि शर्मा, बलजीत सिंह, रामलाल, राजबीर दाऊमाजरा, पिंटू राणा, हरविन्द्र संधू, रूबल, विशाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### म्यांमार में फंसा युवक पानीपत लौट आया

**पानीपत।** काबडी रोड निवासी सोमवीर, थाईलैंड में पर्यटन पर गया था। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में अज्ञात लोग, सोमवीर युवक को अच्छी नौकरी का लालच देकर म्यांमार (बर्मा) ले गए। म्यांमार में सोमवीर से जबरन काम करवाने की कोशिश की गई और वेतन भी नहीं दिया गया। इधर, सोमवीर ने अपने परिजनों और विदेश मंत्रालय से संपर्क किया। वहीं, सरकार के प्रयासों से मंगलवार की रात को सोमवीर को म्यांमार से दिल्ली लाया गया और फिर पानीपत पहुंचाया गया। दूसरी ओर, पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना प्रभारी देवेंद्र ने बताया कि म्यांमार से सोमवीर को दिल्ली लाया गया।

# चोरी हुए सोने की रिकवरी के लिए जीआरपी की हिसार-रोहतक में रेड

*गिरफ्तार आरोपी से मिली जानकारी*

- पूर्व के अपराधियों का भी डाटा खंगाल रही जीआरपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेन से चोरी हुए सोने की रिकवरी के लिए जीआरपी की टीम ने हांसी, हिसार व रोहतक में आरोपियों के ठिकाने खंगाले। चोरी के मामले में पकड़े गए तीसरे आरोपी हिसार के सुनील से मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है ताकि मामले में संलिप्त अन्य सहयोगियों की धरपकड़ हो सके।

इस मामले को सुलझाने के लिए पूर्व के अपराधियों का भी डाटा जीआरपी खंगाल रही है। ट्रेन से सोने के गहने चोरी करने वाले हिसार के आर्यन की जानकारी पर जीआरपी ने दर्जन से अधिक ठिकानों पर दबिश दी। हांसी के महेंद्र नाम के सुनार को पकड़ा जोकि नशे का आदि था। उसने बताया कि आर्यन ने जो गहने उसे दिए थे वह उसने आगे किसी को बेच दिए। जब उसके बताए ठिकाने पद जीआरपी ने दबिश दी तो आरोपी पकड़ में नहीं आया। उसका मोबाइल भी बंद मिला, इसके बाद जीआरपी की जांच में तीसरे आरोपी सुनील का खुलासा हुआ। बता दें कि ये घटना दो जून की है। इस संबंध में 9 जून को अंबाला छावनी के जीआरपी थाने में मामला दर्ज किया गया था। पंजाब की मोहाली की रीता झा की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई थी। झा ने बताया था कि दो जून को वह अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर आई थी। उसे अमृतसर से जयनगर जाने वाली ट्रेन नंबर 14650 सरयू-युमना एक्सप्रेस में सवार होना था। ट्रेन जब प्लेटफार्म पर आई और वह ट्रेन में सवार होने लगी तो इस दौरान किसी ने उनका पर्स काट लिया। उसमें सोने के साथ कीमती सामान मौजूद था। तब जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# महाकाल अष्टमी पर्व पर 251 कुंडीय ओंकार महायज्ञ

- हरियाणा, पंजाब, दिल्ली सहित कई प्रदेशों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाकाल अष्टमी के पावन पर्व पर जय ओंकार आश्रम स्थित श्री शक्ति दुवार्सेश्वर महादेव के चरणों में 251 कुंडीय ओंकार महायज्ञ का आयोजन हुआ। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ एवं विश्व के एकमात्र भगवान

श्री ब्रह्मा मंदिर में हुए यज्ञ में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। धाम में हुए यज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों और ओंकार भगवान के 1008 मंत्रों के उच्चारण के साथ



यज्ञ में आहुतियां डलवाई। महायज्ञ में ज्वाला ज्योति संघ के अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार ने प्रज्ज्वलित की। वहीं यज्ञ की पूणार्हुति संघ के संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज और स्वामी संतोष ओंकार महाराज ने की। श्रद्धालुओं द्वारा महादेव के चरणों में नतमस्तक होकर अपने-अपने यज कुंडों पर बैठकर आहुतियां डाली गई और मंगल कामना की गई। भजन मंडली ने कीर्तन किया, जिसमें श्रद्धालु उत्साह से झूमे। सदगुरुदेव श्रीशकितदेव जी महाराज श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जो भी इंसान गुरुदेव की कृपा से महाकाल के चरणों में नतमस्तक होकर हाजिरी लगाता है उसे जीवन में हर तरह की खुशी प्राप्त होती है। महाकाल अष्टमी के दिन महादेव के चरणों में हाजिरी लगाने से जीवन में कभी अकाल कष्ट नहीं आता और उस जीव का वंश निरंतर चलता रहता है।

### 501 कन्याओं का पूजन

ओंकार यज्ञ के बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ। इससे पहले मां के स्वरूपों में विद्यमान 501 कन्याओं का सामूहिक पूजन भी किया गया। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि गुरुदेव जी के सानिध्य में भारत के प्रत्येक क्षेत्र में ओंकार महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। उसी श्रृंखला के अंतर्गत गुरुदेव जी के जन्मोत्सव पर 251 कुंडीय ओंकार महायज्ञ हुआ।

### लापता युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी में खाली प्लॉट में 25 वर्षीय कमल पुत्र रोहतास का शव पडा मिला। कमल विद्यानंद कालोनी का ही निवासी है और उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। कमल की सिर पर वजनी वस्तु से प्रहार कर उसकी हत्या कर शव को खाली प्लॉट में फैंक दिया गया। इधर, बुधवार की सुबह नागरिकों ने कमल का शव प्लॉट में पडा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच में पता चला कि कमल मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था और मंगलवार सुबह काम पर गया था। वहीं, कमल, रात को घर नहीं लौटा। परिजनों ने कमल की देर रात तक तलाश की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, पुलिस ने कमल के शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले एक लाख रुपये

- पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की देवी भवन बाजार स्थित एटीएम बूथ पर पैसे निकलवाने आए व्यक्ति का एटीएम कार्ड चोरी कर दो युवकों ने उसके अकाउंट से एक लाख रुपये निकाल लिए। जब व्यक्ति के मोबाइल पर उसके अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज आया तो उसने मामले की सूचना शहर जगाधरी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जगाधरी की अमर विहार कॉलोनी निवासी इनाम सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसको नौ नवंबर को पैसों की जरूरत थी। इसलिए वह देवी भवन बाजार जगाधरी स्थित हिटाची कंपनी के एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने के लिए गया। इस दौरान वहां पर दो युवक मौजूद थे। आरोपियों ने उसकी सहायता करने के बहाने से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। पैसे न निकलने पर वह अपने घर आ गया। इस दौरान उसके मोबाइल पर उसके अकाउंट से अलग-अलग कर एक लाख रुपये निकलने के मैसेज आए। यह देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। जब उसने अपना एटीएम कार्ड देख तो वह बदला हुआ था।

# पानीपत में प्रदूषण बढा, ग्रेप-3 लागू

- ग्रेप-3 के तय नियमों की सख्ती से पालना करवाएगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण को दिल्ली और एनसीआर सहित जिले में भी लागू किया गया है। यह कदम वायु गुणवत्ता को सुधारने और प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर निर्धारित मानकों से अधिक होने से ग्रेप-3 की पाबंदी लागू हो गई है, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से किए गए ग्रेप -3 के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सहित अन्य विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे जिले में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। सभी विभाग जिले में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने के लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें।

### ये लगाई पाबंदियां

ग्रेप-3 के तहत सडकों की मशीनों और वैक्यूम आधारित सफाई, पानी का छिडकाव और धूल नियंत्रण सामग्री का प्रयोग करने के साथ-साथ एकत्रित धूल को निर्धारित स्थलों पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्यों में केवल गैर-प्रदूषणकारी गतिविधियों जैसे प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल, कारपेंट्री और इंटीरियर फिनिशिंग की अनुमति दी गई है, जबकि स्टोन क्रेशर और माइनिंग गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## नागरिकों से अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लाट आदि नहीं खरीदने की अपील

# अनाधिकृत कॉलोनी में डीटीपी ने चलाया पीला पंजा

- निर्माण से पहले जरूरी अनुमति नहीं लेने के कारण की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा व्यासपुर के नियंत्रित क्षेत्र में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी को अनाधिकृत कालोनियों में निवेश नहीं करने के लिए आह्वान किया है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि व्यासपुर में नियंत्रित ऐरिया में बिना अनुमति के एक अनाधिकृत कालोनी विकसित की जा रही है। सूचना मिलने पर उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यासपुर के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया। वह अन्य स्टाफ सदस्यों व पुलिस बल के साथ ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मौके पर पहुंचे। इस दौरान करीब चार एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में बनाई गई कच्ची सड़कों व नींव आदि समेत अन्य निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन द्वारा तोड़ फोड़ कर नष्ट कर दिया गया।



**यमुनानगर।** व्यासपुर में नियंत्रित ऐरिया में विकसित की गई अवैध कालोनी में चलता हुआ नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा।

### नोटिस की पालना नहीं करने पर कार्रवाई

*जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत पहले नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर नोटिस मिलने के बाद भी चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई। इस दौरान भू मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण कार्य में तोड़ फोड़ की कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण से किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न किए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई करेगा।*

## खबर संक्षेप

### युवक पर बैग से मोबाइल चुराने का आरोप, केस दर्ज

**यमुनानगर।** यमुनानगर बस स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़ी युवती के बैग से युवक ने मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रपौली निवासी कोमल ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बहन के साथ आंचल के साथ यमुनानगर आई थी। दोपहर को जब वह वापस घर जाने के लिए यमुनानगर बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी तो वहां पर मौजूद सुल्तान नामक युवक ने उसकी बहन आंचल के बैग से उसका मोबाइल चोरी कर लिया। उसने युवक को मोबाइल चोरी करते हुए पकड़ लिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवती ने दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**यमुनानगर।** बूडिया थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने युवक पर दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि आरोपी के भाई ने भी इस काम में उसका साथ दिया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बूडिया थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय युवती ने महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कमल राणा के साथ जान पहचान थी। गत मई 2025 में आरोपी उससे मिलने के लिए आया। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मगर वह किसी तरह से आरोपी के चंगुल से बचकर भाग निकली। उसने बताया कि आरोपी के भाई अमर सिंह ने भी इस काम में आरोपी का साथ दिया। पीड़िता ने बताया कि इज्जत के चलते उसने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। परेशान होकर उसने घटना के बारे में पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## निगम कार्यालय में कई विभाग के अधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक

# सफाई व पार्कों पर पायलट प्रोजेक्ट बनाएं : घनश्याम

यमुनानगर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

टिवन सिटी में विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था व विभिन्न परियोजनाओं को लेकर निगम कार्यालय में नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में निगमायुक्त महाबीर प्रसाद, मेयर सुमन बहमनी व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजूद रहे। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से शहर के विकास, बेहतर सफाई व्यवस्था, पानी निकासी, पार्कों के सौंदर्यीकरण, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, रिवर वाटर फ्रंट, हमीदा पार्क, नगर निगम कार्यालय के नए भवन समेत विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर के पार्कों के सौंदर्यीकरण, सीवरेज व्यवस्था, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, पानी निकासी व शहर के विकास को लेकर पायलट प्रोजेक्ट बनाएं। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सफाई व्यवस्था व डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था पर भी चर्चा की।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

### नाइट स्वीपिंग का 3.83 करोड़ से लगेगा टेंडर : निगम आयुक्त

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का टेंडर एक सितंबर को अलॉट हो गया था। एजेंसी को कचरा कलेक्शन के लिए 173 वाहन लगाने थे। अब वाहनों की संख्या पूरी हो गई है। रोजाना हर वार्ड के हर घर से कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। इससे मॉडल टाउन, रेलवे रोड, वर्कशॉप रोड, कैंप व जगाधरी समेत सभी बाजारों में रात के समय सफाई होगी। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि अब व्यावसायिक क्षेत्रों में रात के समय सफाई होगी। नगर निगम द्वारा जल्द ही नाइट स्वीपिंग का टेंडर लगाया जाएगा। करीब 3.83 करोड़ की लागत का यह टेंडर लगने से शहर के सभी बाजारों में सफाई व्यवस्था बेहतर होगी। पश्चिमी यमुना नहर किनारे जल्द रिवर वाटर फ्रंट व हमीदा पार्क परियोजना का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे लाइन के नीचे से निकलने वाली स्टॉर्म वाटर लाइन पर जल्द कार्य शुरू किया जाएगा।


### 22 पार्कों का हो चुका सौंदर्यीकरण

पार्कों के सौंदर्यीकरण पर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि 22 पार्कों को दुरुस्त किया जा चुका है। बाकी पार्कों की ग्रिल, घास कटिंग, फूलों के पौधे रोपित करने समेत अन्य कार्य किए जा रहे हैं। नगर निगम के नए भवन की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए टेंडर अलॉट कर दिया गया है। जगाधरी में डॉग शेल्टर बनाया गया है। जहां कुत्तों की नसबंदी व रेबीज का टीकाकरण कर उपचार दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन अनुसार कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में शादीपुर व गुलाब नगर में बने सेकेंडरी प्वाइंट खत्म कर वहां एमआरएफ सेंटर बनाए जाएंगे। जहां कचरे की छंटाई कर कचरा निस्तारण प्लांट भेजा जाएगा।

### प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं समस्याएं : मेयर

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने व आमजन के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, पीडब्ल्यूडी कार्यकारी अभियंता पुनित, सीएसआई अनिल नैन, सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई विनोद बेनीवाल, निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल व राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# खेल मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक : कल्याण



यमुनानगर। जिलास्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए।

- जिला फुटबाल संघ द्वारा शहर के तेजली खेल परिसर में चल रही चार दिवसीय जिलास्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण ने कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों में भाग लेने से बच्चों में अनुशासन की भावना बढ़ती है। उन्होंने जिला फुटबाल संघ द्वारा तेजली खेल परिसर में चल रही चार दिवसीय जिलास्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि के रूप में भाग लेने के दौरान खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उक्त बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष भारत भूषम जुयाल ने की।

कल्याण ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद व देश के महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से अवश्य सीख लेनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि खेल मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। आज के तनावपूर्ण जीवन में खेल तनाव मुक्ति और नशा मुक्ति का महत्वपूर्ण विकल्प है। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यदि हमारी रुचि खेलों में होगी तो हम नशे जैसी बुराइयों से भी बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। बेटियां पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भाग लेकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी, करनाल की मेयर एवं ऑल इंडिया मेयर काउंसिल की अध्यक्षा रेणू बाला गुप्ता, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, पूर्व मेयर मदन चौहान आदि मौजूद रहे।

## पक्षी वैज्ञानिक डॉ. सालिम अली का श्रद्धापूर्वक मनाया जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में बुधवार को कस्बा में पक्षी वैज्ञानिक एवं प्राकृतिविद् डा. सालिम अली का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्लब के मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं क्लब के मुख्य संरक्षक डॉ. एससी सैनी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष देश भर में 12 नवम्बर को पक्षी वैज्ञानिक एवं प्राकृतिविद् डा. सालिम अली के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है। डा. सालिम अली विश्व विख्यात भारतीय पक्षी विज्ञानी और प्रकृतिवादी थे। सलीम अली की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई में हुई। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सचिव डब्ल्यूएस मिलार्ड की देखरेख में सलीम ने पक्षियों पर गंभीर अध्ययन करना शुरू किया। जिन्होंने असामान्य रंग की गौरैया की पहचान की थी। डा. सालिम अली का निधन 27 जून 1987 को हुआ।



यमुनानगर। कार्यक्रम में मुख्य सलाहकार डॉ. एससी सैनी व अन्य।

### तेजली खेल स्टेडियम के यूथ हॉस्टल से सामान चोरी

यमुनानगर। शहर के तेजली स्टेडियम स्थित यूथ हॉस्टल से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार यूथ हॉस्टल में कार्यरत कर्मचारी जिला अंबाला के गांव टमनाली निवासी गुरदयाल सिंह ने हुडा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह यूथ हॉस्टल में कर्मचारी है। वह सात नवंबर को शाम पांच बजे यूथ हॉस्टल बंद करके अपने घर चला गया था। मंगलवार को जब सुबह नौ बजे वह यूथ हॉस्टल में ड्यूटी पर आया तो उसे कमरों के दरवाजे खुले मिले। जांच करने पर अंदर से सीलिंग फैन, जियेसर, एलपर, सविंग मशीन व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब 25 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दो ट्यूबवेलों से हजारों रुपये का सामान चोरी

गांव गूगलों निवासी मोहनलाल ने बताया कि वह आठ नवंबर की शाम को खेत का काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह खेत में पहुंचा ट्यूबवेल के कमरे का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर ट्यूबवेल के कमरे से स्टार्टर, मोटर की तार, ग्रिप व ऑटोमेटिक चोरी मिला। इसी प्रकार गांव मुकरामपुर निवासी जोगिंदर सिंह ने बताया कि चोरों ने उनके ट्यूबवेल के कमरे का ताला तोड़कर स्टार्टर, केवल, तारें व अन्य सामान च चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये है।

## दिल्ली बम ब्लास्ट के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

- भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने की हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि दिल्ली में बम ब्लास्ट होने की घटना काफी निंदनीय है। जिन लोगों ने इस कायराना घटना को अंजाम दिया है उन्हें देश कतई बख्शने वाला नहीं है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश का सुरक्षा तंत्र पूरी तरह सशक्त और सतर्क है। उन्होंने बुधवार को गोबिंदपुरी मार्ग स्थित कार्यालय में बातचीत करते हुए बम ब्लास्ट की घटना में मौत का शिकार हुए मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान ने कहा कि दिल्ली बम ब्लास्ट जैसी घटनाओं को अंजाम देकर राष्ट्र विरोधी ताकतें भारत की एकता और अखंडता को कभी तोड़ नहीं सकती हैं। इस कार्यराना घटना का सरकार द्वारा कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली बम ब्लास्ट की घटना अत्यंत दुःखद और निंदनीय बताया है। चौहान ने कहा कि यह घटना राष्ट्र विरोधी तत्वों की कायराना हरकत है। जिसका उद्देश्य देश की शांति और सौहार्द्र को भंग करना है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि आतंवाद, असामाजिक और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व में एक मजबूत नेतृत्व के कारण तेजी से प्रगति कर रहा है। इस तरह की घटनाएं हमारे देश के हौसले और संकल्प को कमजोर नहीं कर सकतीं।



प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान।



यमुनानगर। नेत्र जांच शिविर में मरीजों की आंखों की जांच करते विशेषज्ञ।

### शिविर में की 120 लोगों के नेत्रों की जांच

**रादौर।** श्री आत्मरामानंद चेरिटेबल आई अस्पताल श्रीरामविचार वाटिका छोटाबांस के तत्वावधान में गांव रादौरी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर सीनियर आप्टम विजय कुमार के नेतृत्व में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मीरजों की आंखो की जांच की गई। श्री रामविचार वाटिका के महंत स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने बताया कि गांव रादौरी में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा सीनियर आप्टम विजय कुमार के नेतृत्व में 120 लोगों की आंखो की जांच की गई। मौके पर मरीजों को आंखों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए और उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। इस अवसर पर शिविर में 30 लोगों को मुफ्त में नजर के चश्मे वितरित किए गए। वहीं, 15 लोगों की आंखों में सफेद मोतिया मिला। महंत स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने कहा कि श्री आत्मरामानंद चेरिटेबल आई अस्पताल श्रीरामविचार वाटिका द्वारा रादौर क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आंखो का अस्पताल खुलवाया गया है।

### घर में घुसकर पिता-पुत्र को दी जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव अंटारी में आधा दर्जन नकाबपोश युवकों ने घर में घुसकर पिता व पुत्र को तलवार दिखाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक युवक को नामजद करते हुए पांच नकाबपोश युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव अंटारी निवासी देवेंद्र सिंह ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही नमन के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय गांव के मौजिज लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। देवेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को शाम चार बजे वह अपने बेटे सर्वजीत सिंह के साथ घर पर मौजूद था। इस दौरान आरोपी नमन अपने साथ पांच नकाबपोश युवकों को लेकर उनके घर में घुस गया। आरोपियों ने हाथ में तलवारे ली हुई थी। आरोपियों ने उन्हें तलवार का डर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी नमन को नामजद करते हुए पांच अन्य नकाबपोश युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## विज्ञान है अंधविश्वास और अज्ञानता को दूर करने वाली शक्ति : प्रेमलता

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में मोबाइल साइंस एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में कुरुक्षेत्र पैनोरमा एंड साइंस सेंटर, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला विज्ञान विशेषज्ञ विशाल सिंगल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पैनोरमा एंड साइंस सेंटर कुरुक्षेत्र के विज्ञान विशेषज्ञ विष्णु ने किया।

विज्ञान प्रदर्शनी वैन में ऊर्जा विषय पर आधारित इंटरैक्टिव मॉडल प्रदर्शित किए। मौके पर मुख्यातिथि एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विज्ञान अंधविश्वास और अज्ञानता को दूर करने वाली शक्ति है। विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने विष्णु और उनकी पूरी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया। चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि विज्ञान वह शक्ति है जो अंधविश्वास और अज्ञानता को दूर करती है।



### इंडस्ट्रीज में काम को नया आकार दे रहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कालेज यमुनानगर में कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन डिपार्टमेंट के तत्वावधान में बुधवार को एआई और 21वीं सदी की स्किल्स का इस्तेमाल करके इनोवेशन माइंडसेट बनाना विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में एसटी आईआईटी मुबंई के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर तनवीर सिंह ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने की। मुख्य वक्ता तनवीर सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैसे इंडस्ट्रीज को बदल रहा है और काम के भविष्य को नया आकार दे रहा है। उन्होंने एआई ड्रिवन दुनिया में प्रासंगिक बने रहने के लिए क्रिटिकल थिंकिंग, प्राब्लम, सॉल्विंग, कोलेबोरेशन और डिजिटल लिटरेसी जैसी 21वीं सदी की स्किल्स के महत्व पर जोर दिया।

## गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर होगा कार्यक्रम

# 18 से 21 तक निकाली जाएगी भव्य नगर कीर्तन यात्रा

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित नगर कीर्तन के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन को लेकर जिला में 18 नवम्बर से 21 नवम्बर तक यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिला में नगर कीर्तन यात्रा 18 नवम्बर को सढौरा से शुरू होकर सरावां, पाबनी, बाल छप्पर, गुलाब नगर, भेड़थल, व्यासपुर होते हुए कपाल मोचन में रात्रि ठहराव करेगी। इसी प्रकार 19 नवम्बर को कपाल मोचन से शुरू होकर मलिकपुर बांगर, लेदी, प्रतापनगर, छछरौलीए, बलाचौर, खारवन होते हुए बुडिया रात्रि ठहराव होगा। 20 नवम्बर को बुडिया से शुरू होकर जगाधरी, शर्मा टेंट चौंक, बड़ा गुरुद्वारा हनुमान गेट, प्रकाश चौंक, बस स्टैंड जगाधरी, अग्रसेन चौक, फव्वारा चौक, संतपुरा गुरुद्वारा, मेला सिंह चौक, नेहरू पार्क, जब्बीवाला गुरूद्वारा,पैलेस के सामने से होते हुए ज्योति पैलेस, जोड़ियों गुरुद्वारा में रात्रि ठहराव करेगी।

21 नवम्बर को नगर कीर्तन यात्रा जोडियो गुरुद्वारा से शुरू होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए झींवरहेड़ी गांव में रात्रि ठहराव होगा। इसके उपरांत यह नगर कीर्तन यात्रा 22 नवम्बर को झींवरहेड़ी से रात्रि विश्राम के बाद कुरूक्षेत्र के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से नगर निगम के आयुक्त कार्यक्रम के ओवर ऑल इंचार्ज होंगे।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

## पार्लियामेंट कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रासंगिक मुद्दों पर किए तर्क-वितर्क

- रादौर के डीएवी पब्लिक स्कूल में 9वीं व 10वीं कक्षा के बच्चों के लिए कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर के डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों के लिए यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य रमन शर्मा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रमा में विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों की भूमिका निभाते हुए महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार की जड़ें व इसे रोकने के उपायों पर सार्थक विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान जीएसएल और एमपीओडी जैसे संसदीय सत्र आयोजित किए गए। जिनमें छात्रों ने खुलकर विचार व्यक्त किए और तर्क-वितर्क के माध्यम से समस्याओं के समाधान की दिशा भी सुझाई। यह आयोजन छात्रों में नेतृत्व क्षमता, वक्तृत्व कौशल व सामान्य ज्ञान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था।



यमुनानगर। डीएवी स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

खबर संक्षेप

## विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में बीएएमएस एवं पीजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सीमा रानी ने कहा कि युवा वर्ग देश की रीढ़ है, यदि युवा नशे से मुक्त रहेंगे तो राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेगा।

## डीएलएसए ने जागरुकता शिविर का किया आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में हार्वेस्टिंग हार्मनी प्रदूषण मुक्त खेतों के लिए विधिक जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस अभियान के तहत कृषि विभाग के सहयोग से डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता अंकित कुमार द्वारा गाँव जोगी माजरा व गांव मुकीमपुरा में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## यूआईईटी के 14 विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में यूआईईटी संस्थान का ट्रेनिंग और प्लेसमेंट विभाग दिन प्रतिदिन बुलंदियों को छू रहा है। यह जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी और यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया की यूआईईटी संस्थान का ट्रेनिंग और प्लेसमेंट विभाग निरंतर प्रगति के पथ पर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में संस्थान के 14 विद्यार्थियों का जीरो इनपुट प्राइवेट लिमिटेड में प्लेसमेंट हुआ है जो संस्थान के लिए बड़े गर्व की बात है।

## भगवान राम के सद्गुणों का गुणगान किया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. मिश्रा ने मंगलवार को विशेष सात्विक मुखीजा के जन्मदिवस पर आयोजित श्री दुर्गा मां के संकीर्तन में कार्यक्रम में सीमा मुखीजा, गगन मुखीजा, हैरी मुखीजा और उनके परिवार को आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी द्वारा रचित वात्सल्य प्रज्ञा भेंट की गई। इस शुभ अवसर पर सुमित्रा पाहवा,ऊषा शर्मा , अनु पाहवा, निशा अरोड़ा , कोमल मेहरा, पायल सैनी, आशा कवात्रा ,शिमला धीमान के साथ मां दुर्गा की भेंटे गाई और नृत्य किया।

### 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# कबड्डी प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश ने गुजरात को 20-11 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा आयोजित 36वें अखिल भारतीय डाक कबड्डी प्रतियोगिता बहु उद्देशीय हॉल, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। टूनार्मेंट में विभिन्न डाक परिमंडलों की 11 टीमें भाग ले रही है, जिनमें कुल 147 खिलाड़ी व सपोर्टिंग स्टाफ शामिल है। मंगलवार को दोपहर बाद पांच मैच खेले गए। आंध्र प्रदेश बनाम पश्चिम बंगाल के मैच में आंध्र प्रदेश 40-22 से विजयी रहा। महाराष्ट्र बनाम तेलंगाना के मैच में महाराष्ट्र 25-21 से विजयी रहा। कर्नाटक बनाम तमिलनाडु के मैच में कर्नाटक 40-16 से विजयी रहा। हरियाणा बनाम केरल के मैच में हरियाणा 42-26 से विजयी रहा। दिल्ली बनाम गुजरात के मैच में दिल्ली 44-09 से विजयी रहा। वहीं बुधवार को खेले गए मैंचों में तमिलनाडु बनाम दिल्ली के मैच में तमिलनाडु 34-15 से विजयी रहा। महाराष्ट्र बनाम पंजाब महाराष्ट्र के मैच में 32-21 से विजयी रहा। तेलंगाना बनाम केरल के मैच में तेलंगाना 53-11से विजयी रहा। कर्नाटक बनाम पश्चिम बंगाल के मैच में कर्नाटक 16-06 से विजयी रहा। पश्चिम बंगाल बनाम दिल्ली मैच 19-19 अंकों की बराबरी पर रहा। आंध्र प्रदेश बनाम गुजरात के मैच में आंध्र प्रदेश 20-11 से विजयी रहा। तमिलनाडु बनाम गुजरात के मैच में तमिलनाडु 11-05 से विजयी रहा। उपरोक्त 11 टीमें पाँच दिनों की अवधि में कुल 28 मैच खेलेंगी। टूनार्मेंट के सेमी-फाइनल मैच आज को खेले जाएंगे।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में जोर आजमाईश करते खिलाड़ी।

**खास बातें**

- टूनार्मेंट में विभिन्न डाक परिमंडलों की 11 टीमें भाग ले रही है, जिनमें कुल 147 खिलाड़ी व सपोर्टिंग स्टाफ शामिल है
- ससेमी-फाइनल मैच आज खेले जाएंगे

## आईजीएन कॉलेज की नैना ने अंतर-महाविद्यालय भारोत्तोलन में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय भारोत्तोलन (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन एम.डी.एस.डी. कॉलेज, अंबाला शहर में 10 और 11 नवम्बर को हुआ। प्रतियोगिता में आई.जी.एन. कॉलेज, लाडवा की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा नैना बढ़ोनंदा ने 69 किलोग्राम भार वर्ग में क्लीन एंड जर्क तथा स्नैच में कुल 158 किलोग्राम भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और महाविद्यालय एवं लाडवा का नाम रोशन किया। नैना अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तर भारतीय अंतर विश्वविद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली में भाग लेगी और महाविद्यालय ही नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय का परचम भी लहराएगी। महाविद्यालय में विजेता खिलाड़ी के पहुँचने पर प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने महाविद्यालय खेल समिति के सदस्यों और शिक्षक साथियों के साथ विजेता खिलाड़ी नैना बढ़ोनंदा एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह का स्वागत किया।



लाडवा। विजेता खिलाड़ी नैना बढ़ोनंदा को सम्मानित करते प्राचार्य डॉक्टर कुशल पाल।

### उपलब्धियों के लिए दी बधाई

इस अवसर पर डॉ. कुशल पाल और श्री पवन गर्ग ने नैना बढ़ोनंदा, आरिफ खान, डॉ. कुलदीप सिंह (शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष), जोरावर सिंह गिल, डॉ. मोहन लाल, डॉ. सुनीता रानी डॉ. नित्तु महाविद्यालय क्रीड़ा समिति के सभी सदस्यों, विद्यार्थियों और सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार को इन बड़ी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी।

### गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के प्रबंधों को लेकर बैठक का आयोजन

## कुरुक्षेत्र से गुरु तेग बहादुर की बाणी का संदेश विश्व में पहुंचेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरु साहिब की धरा से श्री गुरु तेग बहादुर जी की बाणी का संदेश विश्व के कोने-कोने तक पहुंचेगा। इस वर्ष श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस पर 25 नवंबर को ज्योतिसर में एक भव्य और यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को देर सायं श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के प्रबंधों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व पर ज्योतिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम धर्म और आस्था के साथ जुड़ा है। इससे पूरे विश्व में एक बड़ा संदेश जाएगा।

मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा विश्व की एक ऐसी ऐतिहासिक और धार्मिक भूमि है जहां पर सबसे ज्यादा गुरु साहिब के चरण पड़े। इसलिए इस पवित्र भूमि का चयन श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को मनाने के लिए किया गया। इस धरा से पूरे विश्व में गुरु साहिबान की बाणी का संदेश पहुंचेगा।

### कार्यक्रमों का शिलशिला शुरू

ओएसडी डा. प्रभलीन सिंह ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के 350 वें शहीदी दिवस को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से एक नवंबर से कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू किया गया था। एक नवंबर को पंचकूला में विशाल रक्तदान शिविर लगाकर 350 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और 24 नवंबर तक 350 रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इससे युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा, 3 नवंबर को श्री गुरुतेग बहादुर जी के जीवन पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में 3 लाख 50 हजार युवाओं ने भाग लिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, राजनीतिक सलाहकार तरुण भंडारी, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, पुलिस अधीक्षक नीतीश कुमार, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, मुकेश, जयभगवान शर्मा डीडी, सुभाष कलसाना, एसजीपीसी के सदस्य, पूर्व सदस्य, कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा साहिब की कमेटियों के सदस्य, अधिकारी गण और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

*बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत समाज हुआ शामिल*

## स्वामी नारायण गिरि साधू राम आश्रम ने निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंडित साधु राम आश्रम शांति नगर कुरुक्षेत्र में स्वामी नारायण गिरी महाराज जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में विशाल कीर्तन एवं भण्डारें का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम से जुड़े श्रधालुओं ने बडी संख्या में भाग लिया। इसके साथ ही पंडित साधु राम आश्रम से स्वामी राम गिरी जी के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में स्वामी नारायण गिरी साधू राम आश्रम से लेकर ब्रह्मसरोवर तक पैदल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत समाज शामिल हुआ। शोभा यात्रा में स्वामी नारायण गिरी उर्फ प. साधु राम जी द्वारा रचित भजनोपोश माला में से गीता ज्ञान पर आधारित भजनों एवं जयघोषों से पुरा वातावरण गुंजायमान हो गया। गीता महोत्सव के उपलक्ष में पंडित साधु राम आश्रम में प्रतिदिन गीता जी की आरती एवं भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।



## सीएम के नेतृत्व में शहर तेजी से हो रहा विकसित : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में धर्मनगरी का तीव्र गति से विकास हो रहा है। कुरुक्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। कुरुकंषेत्र शहर में हर वार्ड में विकास कार्य किया जा रहे हैं और लोगों को बेहतर सुविधाएं देने का काम किया जा रहा है। वे शहर के वार्ड 32 में 10 लाख 50 हजार की लागत से बनने वाली गली के निर्माण का मुहूर्त करने के दौरान वार्ड के लोगों को संबोधित कर रहे थेइ स मौके पर पूर्व नगर पार्षद प्रतिनिधि दीपक नायर, पार्षद प्रतिनिधि टोनी मदन प्रदीप झांब, विशाल कक्कड़, राजीव, ओम भाई सुभाष भाई, ओमप्रकाश शेट्टी, ओम प्रकाश चोपड़ा, मास्टर ताराचंद, संजय भाटिया, विशाल कक्कड़, अशोक कुमार, संतराम, गुलशन कुमार, पंकज, सुभाष सुखीजा, लकी सुखीजा, राजीव चुघ, राजीव सलूजा, डॉ अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

- वार्ड 32 में गली के निर्माण का पूर्व राज्य मंत्री ने किया मुहूर्त



कुरुक्षेत्र। वार्डवासियों को संबोधित करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

### हर वार्ड का चहुंमुखी विकास जारी

इस मौके पर सुभाष सुधा ने कहा कि शहर के हर वार्ड में विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सैनी के आशीर्वाद से शहर में हर वार्ड का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने वार्ड के पार्षद सुधीर चुघ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह हमेशा वार्ड के विकास के बारे में सोचते रहते हैं और वार्ड के लोगों के लिए वे दिन रात सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सुधीर चुघ ने उनसे वार्ड में गलियों के निर्माण के लिए कहा था। जिसके बाद उन्होंने वार्ड में गली के निर्माण का मुहूर्त किया है। इस मौके पर उन्होंने ऐलान किया कि उनके घर के दरवाजे सभी लोगों के लिए खुले हैं। वह कभी भी अपने निजी काम और सार्वजनिक काम के लिए उनसे कभी भी मुलाकात कर सकते हैं।

## हर घर स्वदेशी, घर-घर आत्मनिर्भरता का संकल्प : शर्मा

**पिहोवा में व्यापारी सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, स्वदेशी अभियान को मिली नई ऊर्जा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अनाज मंडी स्थित किसान रेस्ट हाउस में आज आयोजित भव्य व्यापारी सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। सम्मेलन में भारी संख्या में मौजूद व्यापारियों और समाजसेवियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया ह्वस्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर बनोह्व अभियान अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का अधिकतम उपयोग करना चाहिए — चाहे वह कपड़ा हो, खाद्य सामग्री हो या घरेलू वस्तुएं। पंडित जय भगवान शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा सरकार व्यापारियों और उद्यमियों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने जीएसटी से जुड़े सुधारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि सरकार ने टैक्स प्रणाली को और अधिक पारदर्शी व सरल बनाया है। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि वे भी स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के अंत में पंडित जय भगवान शर्मा ने सभी व्यापारियों से आह्वान किया कि वे हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के संकल्प को आगे बढ़ाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।




### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग, जिला महामंत्री अर्जुन त्यागी, पिहोवा मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरण वड़ैच, सतीश सिंगला, अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान नवीन गर्ग व उपप्रधान चंद्रगुप्त मंगला, हरिओम अग्रवाल, बंटी सिंगला, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान सतीश सैनी, युधिष्ठिर बहल, महेश तलवार, रामधारी शर्मा, हनु चक्रपाणि व अमन सिंगला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## जाह्नवी और वृंदा ने अंतर विद्यालय प्रश्नोत्तरी में पाया दूसरा स्थान

**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा के विद्यार्थियों ने 'महाकाव्य रामायण' पर आधारित अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। श्री अग्रवाल सभा महिला विंग, लाडवा द्वारा विद्यार्थियों में महाकाव्य के आदर्शों का प्रचार-प्रसार करने के लिए इस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया था। लाडवा के प्रतिष्ठित विद्यालयों की कुल आठ टीमों ने इस प्रश्नोत्तरी में भाग लिया।

## अग्रवाल वैश्य समाज का 17वां स्थापना दिवस समारोह 30 नवम्बर को : राजेश सिंगला

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा अपने गौरवशाली इतिहास और सामाजिक एकता की पहचान को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष 17 वां स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से मनाने जा रहा है। समारोह 30 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे होटल ग्रेस अम्बाला रोड कैथल (नजदीक विश्वकर्मा चौक) पर आयोजित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता एवं नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस स्थापना दिवस समारोह में समाज के प्रदेशभर से पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सम्मानित वैश्य बंधु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज का स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह उस संघर्ष, समर्पण और सेवा यात्रा का प्रतीक है, जिसने समाज को आज प्रदेश में एक मजबूत संगठन के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि संगठन की स्थापना से लेकर अब तक अग्रवाल वैश्य समाज ने राजनीति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और युवा मार्गदर्शन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज के उन सभी कार्यकतार्ओं और पदाधिकारियों को सम्मानित करने का अवसर भी है, जिन्होंने अपने निस्वार्थ सेवा भाव से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस कड़ी में समाज की तीनों इकाइयों के दो-दो पदाधिकारियों को संगठन के प्रति उत्कर्ष कार्य करने पर सम्मानित भी किया जाएगा। इस वर्ष का स्थापना दिवस विशेष रहेगा क्योंकि इसमें न केवल समाज की उपलब्धियों का प्रदर्शन होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।



कुरुक्षेत्र। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला।



## फर्स्ट एड संकट की घड़ी में किसी की जान बचाने में सबसे बड़ी मददगार : गुरप्रीत सिंह

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव उमरी जिला कुरुक्षेत्र के मास्टर दिनेश कुमार ने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र शाखा के गुरप्रीत सिंह लेक्चरर इन फर्स्ट ऐड ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव उमरी जिला कुरुक्षेत्र के छात्र-छात्राओं को फर्स्ट ऐड के महत्व और उसकी विभिन्न विधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र में गुरप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया कि दुर्घटना व आपात स्थिति में त्वरित और सही कदम उठाना किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने रक्तस्राव को नियंत्रित करने की विधि, चोकिंग की स्थिति में बचाव तकनीक, सीपीआर देने की सही प्रक्रिया, ए वि पी यू स्केल के माध्यम से मरीज की चेतना की पहचान, लुक लिसेन, फील तकनीक द्वारा श्वसन जांचने की विधि, तथा घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से उठाने एवं ले जाने ट्रांसपोर्टिंग & लिफ्टिंग के तरीके समझाए। साथ ही उन्होंने सर्पदंश और फ्रैक्चर की स्थिति में सही प्राथमिक सहायता और सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि सर्पदंश की स्थिति में घबराएं नहीं, काटे गए स्थान को हिलाएं नहीं और पीड़ति को तुरंत अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं।

**कार्यक्रम** कुवि में पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस कैंप का हुआ समापन

- कुलपति ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार ने नवाजा
- स्वयंसेवकों ने अनेक विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया

# समाजसेवा का भाव व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

समाज सेवा का भाव व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। जब युवा समाज की भलाई के लिए समर्पित होते हैं, तभी राष्ट्र प्रगति की राह पर अग्रसर होता है। विश्वविद्यालय सदैव ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देता रहेगा, जो युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करें। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को 8 नवम्बर से 12 नवम्बर तक आयोजित पाँच दिवसीय वाई.आर.सी. शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किए । इस कैंप का संचालन वाई.आर.सी. कैंप डायरेक्टर प्रो. डी.एस. राणा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज सेवा, प्राथमिक उपचार, स्वच्छता, नशा मुक्ति तथा मानवता से संबंधित अनेक विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलपति ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




कुरुक्षेत्र। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते कुलपति प्रो . सोमनाथ।

### समाज में बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसे समाज के उत्थान से जोड़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ समाज में फैली बुराईयों को समाप्त करने में योगदान देने का आह्वान किया। कैंप डायरेक्टर प्रो. डी.एस. राणा ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करने, सेवा और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ह्लसेवा का भाव ही सच्ची मानवता का परिचायक है और वाई.आर.सी. जैसी गतिविधियां युवाओं में मानवीय संवेदनाएँ जागृत करने का कार्य करती हैं। रेड क्रास की शिक्षिकाकिरण कश्यप द्वारा विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता प्रदान की गई क्योंकि आज के व्यस्त जीवन में बहुत भाग-दौड़ रहती है इसलिए प्राथमिक चिकित्सा का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। कैंप के दौरान अनेक उपयोगी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें विशेष रूप से प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, रक्तदान जागरूकता, बच्चों की सहायता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर आधारित कार्यशालाएं शामिल रहीं।

### 110 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की

विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान व्यक्ति के जीवन को बचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकता है। इस अवसर पर डॉ. डिकी खुराना, डॉ. निरुपमा भट्टी, डॉ. संतोष भारद्वाज, डॉ. सोनिया रानी, डॉ. श्रेष्ठा, डॉ. दिप्ति शर्मा, डॉ. रामेश्वर एवं डॉ. दिविज गुगनानी ने कैम्प को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कैंप में लगभग 12 कॉलेजों के 110 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की।

# आणविक व अंतरिक्ष उपग्रहों के मॉडल पर आधारित छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी

## आर्य वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में विज्ञान व गणित विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित



नारायणगढ़। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अध्यापक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित कई अभिनव मॉडल और परियोजनाएं प्रस्तुत कीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान और गणित विषय पर प्रेरणादायक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा और गणित की रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित कई अभिनव मॉडल और परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। इनमें आणविक मॉडल, अंतरिक्ष उपग्रहों के वर्किंग मॉडल, जल संचयन प्रणाली, पर्यावरण संरक्षण के तरीके और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत जैसे विषय शामिल थे। और गणितीय अवधारणाओं को मजेदार और इटरेक्टिव तरीके से प्रस्तुत किया इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रूचि बढ़ाना और व्यवहारिक अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करना था।

प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की कार्यकारी प्रधानाचार्य मीनाक्षी गुप्ता तथा प्रधान आर्य समाज मेन बाजार डॉ. राजेंद्र तायल , उप प्रधान कृष्ण लाल , विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान मास्टर सुरेंद्र वालिया , प्रबंधक डॉ. विश्व बंधु गुप्ता तथा प्रबंधन समिति के सदस्य चंद्रपाल शास्त्री , विनय कंवर , जय भगवान द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी

उन्होंने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां ने केवल विद्यार्थियों की गणितीय ज्ञान में वृद्धि करती है बल्कि उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं उनमें आत्मविश्वास टीमवर्क और समस्या समाधान कौशल भी विकसित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अभिभावकों और अन्य आगंतुकों ने भी प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई और विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, ज्ञान और तकनीकी कौशल की प्रशंसा की। सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं को सदन अनुसार निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्रदान किया गया। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए एक ज्ञानवर्धक और सूचनात्मक अनुभव रहा।

### टीम वर्क को सराहा

इस अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्य मीनाक्षी गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, कि इस तरह की प्रदर्शनियां हमारे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, समस्या-समाधान कौशल और टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल सहित पकड़ा, हेरोइन बरामद

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र नजदीक कच्चा रास्ता रूचरा फैक्टरी कालाअंब से नशा तस्करी के मामले में आरोपी सुनील कुमार उर्फ विक्की को 26 ग्राम हेरोइन व मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### 7 किलो चूरापोस्त और ट्रक सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर के फौजी ढाबा बलाना कट हाइवे 152 के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने यहां खडे.संदिग्ध ट्रक से 7 किलो 10 ग्राम चूरापोस्त मादक पदार्थ बरामद करके आरोपी देवेंद्र सिंह व सुखवंत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी देवेंद्र सिंह को छह दिन के रिमांड पर लिया है। प्रबंधक थाना उप-निरीक्षक शंभू लाल ने बताया कि 11 नवंबर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है। वे फौजी ढाबा बलाना कट हाइवे 152 के पास ट्रक को खड़ा करके मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश में घूम रहे हैं। सूचना उपरांत रेड कर दोनों आरोपियों को ट्रक समेत काबू किया गया। तलाशी लेने पर ट्रक से 7 किलो 10 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने केस भी दर्ज किया है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरीश उर्फ धन्ना व सतपाल उर्फ चुन्ना को गिरफ्तार किया है। सराला खुर्द गांव के रहने वाले हरदीप सिंह ने 24 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23/24 अक्तूबर 2025 को न्यू विवेक विहार पर स्थित उसके मकान से आरोपियों ने बिजली की तारें, कटर, ग्रेंडर, हथोड़ी व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार, जेल भेजा

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी खालिद, मासूम उर्फ छोटा व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। तीनों को अदालत ने जेल भेज दिया है। 1 नवंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव मलिकपुर में आरोपियों ने पेड़ काटने का आपराधिक कार्य किया है। जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को काबू किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पेड़ काटने का जुर्म कबूल कर लिया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, जांच में जारी

अंबाला। थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सागर को गिरफ्तार किया है। दाउद माजरा के रहने वाले गुरदेव सिंह ने 1 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29-30 अक्तूबर 2025 को गांव मोहड़ा में आरोपी ने डीजी सैट के तीन एवीआर फयूज व एसी पाईप की कप्लिगं चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

# मिस्सी रोटी की जगह छात्रों को दे रहे थे साधारण चपाती

डीईओ ने सबसे पहले स्कूल प्रांगण में खेल रहे बच्चों से बात की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बुधवार को गांव चौड़मस्तपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला का औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी जब विद्यालय पहुंचे तो उसे समय विद्यालय में अर्ध अवकाश होने के कारण कक्षा 8 तक के बच्चे मिड डे मील ग्रहण कर रहे थे जबकि अन्य बच्चे विद्यालय प्रांगण में ही खेलकूद में व्यस्त थे। सर्वप्रथम डीईओ ने स्कूल प्रांगण में खेल रहे बच्चों से संवाद स्थापित किया। ये दसवीं कक्षा के छात्र थे। डीईओ ने बच्चों का कुशल क्षेम जानने के बाद पूछा कि पढ़ाई कैसे चल रही है। सभी पीरियड्स में अध्यापक कक्षा में आते हैं या नहीं। अभी तक कितने पीरियड्स लग चुके हैं। इन सवालों पर बच्चों ने डीईओ को बताया कि उनकी पढ़ाई ठीक से चल रही है।

### मिड डे मील प्रभारी को किया तलब



अंबाला। मिड डे मील को जांचते जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों बोले-विष्णु सर ने गणित को सरल विषय बना दिया

हर रोज सभी पीरियड्स लगते हैं। अभी तक सभी पांच पीरियड लग चुके हैं। डीईओ कालड़ा ने बच्चों से फिर पूछा कि सबसे अच्छा विषय कौन सा लगता है तो सभी बच्चों ने कहा कि उन्हें सबसे अच्छा विषय गणित लगता है। गणित अध्यापक विष्णु कुमार उन्हें बड़े चाव से पढ़ाते हैं। बच्चों ने बताया कि एक समय ऐसा था जब उन्हें गणित सबसे मुश्किल लगता था, लेकिन विष्णु सर ने गणित को उनके लिए सरल बना दिया है। दो बच्चों ने तो डीईओ को कहा कि वह वार्षिक परीक्षा में गणित विषय में शत प्रतिशत अंक हासिल करने का मन बना चुके हैं। डीईओ सुधीर कालड़ा ने स्टाफ सदस्यों को उनके साथी अध्यापक विष्णु कुमार जैसा अध्यापक बनने के लिए कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में विज्ञान कक्ष, मिड डे मील किचन, निपुण हरियाणा मिशन और बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील की व्यवस्था का भी जायजा लिया। फोटो संख्या 6

### स्वयं भी मील को चख

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वयं भी मिड डे मील को चख कर देखा। उन्होंने पाया कि बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील की मात्रा और गुणवत्ता तो संतोषजनक है लेकिन बच्चों को निर्धारित रेसिपी के अनुसार मिस्सी रोटी न देकर साधारण रोटी परोसी जा रही थी। इस मामले में पूछताछ करने पर विद्यालय के मिड डे मील प्रभारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए । उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को कहा कि बच्चों के बेहतर पोषण के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं जिनके अंतर्गत बच्चों को न केवल हर रोज अलग-अलग रेसिपी के अनुसार खाना दिया जाता है बल्कि सप्ताह में 2 दिन सुगंधित दूध और 2 दिन प्रोटीन मिल्क बार भी अतिरिक्त रूप से दिया जाना है। सप्ताह में एक दिन के लिए पिन्नी और स्वादिष्ट खीर दिए जाने का भी प्रावधान किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों को मिस्सी रोटी की जगह सादी रोटी परोसे जाने से मिड डे मील प्रभारी ने अपने आप को विभागीय कार्रवाई का पात्र बना लिया है। डीईओ ने विज्ञान कक्ष में देखा कि विभाग द्वारा प्रदान की गई विज्ञान किट का विज्ञान अध्यापक सतीश कुमार द्वारा बच्चों की शिक्षा के लिए ठीक ढंग से प्रयोग किया जा रहा है। बच्चों ने भी बताया कि विज्ञान अध्यापक उन्हें विज्ञान कक्षा में लेकर आते हैं । अलग-अलग विज्ञान उपकरणों की कार्य विधि समझाते हैं। डीईओ ने विज्ञान अध्यापक को विज्ञान कक्षा में पुराने लगे चाट्र्स की जगह नए चाट्र्स लगाने के लिए दिशा निर्देश दिए। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला के बच्चों का निपुण परीक्षण किया गया।



अंबाला। युवा संसद के दौरान मौजूद छात्र। फोटो : हरिभूमि

नारायणगढ़ में युवा संसद का आयोजन...

# जीएसटी की दरों में कमी के छात्रों ने फायदे गिनवाए

■ 12वीं की छात्रा नंदिनी ने वित्त मंत्री की भूमिका अदा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेरा(63) में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। इस युवा संसद आयोजन के कार्यक्रम का अवकलोकन डाइट मोहड़ा से धीरज वालिया, अजय कौशल , डॉ. विकास, राज कुमार, राजेश कुमार, अमन कुमार, आशीष कुमार तथा रमनदीप की टीम ने किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका नीलकमल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विपक्ष की भूमिका में 12वीं कक्षा की छात्रा लक्षिता ने अनेक मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा, जिसका जवाब पक्ष की टीम में गृह मंत्री की भूमिका निभाते छात्र अफजल ने दिया। कक्षा 12वीं की छात्रा अफसाना द्वारा सरकार से अनेक आर्थिक मुद्दों पर प्रश्न उठाए गए जिनका जवाब 12वीं कक्षा की छात्रा नंदिनी जो कि वित्त मंत्री की भूमिका अदा कर रही थी उसने दिया। छात्रा नंदिनी ने जीएसटी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह जीएसटी की वर्तमान दरों में सुधार से कैसे उपभोक्ता को फायदा पहुंचा है। युवा संसद में शिक्षा , स्वास्थय तथा सुरक्षा मुद्दों पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अच्छी तरह प्रकाश डाला गया। विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाते हैं। उन्हें उनकी वोट की शक्ति का भी अहसास कराते हैं कि किस तरह उन्हें अपना वोट सोच समझ कर देना चाहिए।

## डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# युवा संसद में आपरेशन सिंदूर पर रोचक चर्चा

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. आरआर सूरी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को एक ज्ञानवर्धक युवा संसद सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने वाद-विवाद कौशल, संसदीय प्रक्रियाओं की समझ और राष्ट्रीय मुद्दों पर जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. आरआर सूरी और राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका मोनिका कालरा के मार्गदर्शन में हुआ।

सत्र का प्रमुख आकर्षण था "ऑपरेशन सिंधूर" पर हुई प्रभावशाली चर्चा जो भारत के हालिया बचाव और मानवीय मिशन का प्रतीक है। युवा संसद में एक जीवंत लोकसभा का वातावरण पुनः निर्मित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न भूमिकाएं निभाईं। वैभव ने स्पीकर, हर्षित ने प्रधानमंत्री, वेदांत ने संसदीय कार्य मंत्री, अनमोल ने रक्षा मंत्री, रचित ने विदेश मंत्री, प्रीतेक ने गृहमंत्री, सीरत ने स्वास्थ्य मंत्री, कोशलैश ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी, मधुर ने सांसद अखिलेश यादव की भूमिका निभाई जबकि सर्बानी, याशिका, दीपिका, वाणी, सिमरन और ऋतिका ने विभिन्न सांसदों के रूप में हिस्सा लिया। सत्र की शुरुआत संसदीय कार्य मंत्री के संबोधन से हुई जिसके बाद रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंधूर पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने इस अभियान की रणनीतिक योजना, समन्वय और त्वरित निष्पादन की सराहना करते हुए भारतीय सशस्त्र बलों और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की वीरता और दक्षता की प्रशंसा की। उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक नेतृत्व क्षमता और आपात परिस्थितियों में तत्परता को रेखांकित किया।

### विपक्षी सदस्यों ने मिशन की सफलता को सराहा

विपक्षी सदस्यों ने मिशन की सफलता की सराहना करते हुए तैयारी, बजट आवंटन और विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीतियों की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए। उनके रचनात्मक तर्कों ने बहस को और अधिक गहराई और यथार्थ प्रदान किया। स्पीकर ने अनुशासन और गरिमा के साथ सत्र का संचालन किया, प्रश्नकाल और चर्चाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखा। सत्र का समापन ऑपरेशन सिंधूर की सफलता की सर्वसम्मत प्रशंसा प्रस्ताव के साथ हुआ। प्राचार्य सूरी ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें तथा उनकी मार्गदर्शक मोनिका कालरा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा संसद भविष्य के नेताओं को तैयार करने, नागरिक जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने का उत्कृष्ट माध्यम है।

# डॉ. विपुल त्रिखा स्मृति साहित्य साधना पुरस्कार से सतीश सिंह सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

9 नवंबर 2025 कोआरकेएसडी कॉलेज, अंबाला रोड,कैथल, हरियाणा में आयोजित कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में मुंबई के सतीश सिंह, जो पेशे से बैंकर, वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार और साहित्यकार हैं को साहित्य सभा, कैथल ने "डॉ विपुल त्रिखा स्मृति साहित्य साधना सम्मान" से सम्मानित किया। सिंह ने यह पुरस्कार हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ चंद्र त्रिखा के कर कमलों से ग्रहण किया। मंच पर डॉ पाल कौर, सुमेधा कटारिया, के के ऋषि आदि साहित्यकार भी उपस्थित थे। सिंह वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक के कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई में सहायक महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। वे विगत 30 वर्षों से साहित्य साधना और 17 वर्षों से लोगों को वित्तीय रूप से साक्षर करने का काम कर रहे हैं।

### एक दर्जन से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित



सिंह की 2500 से अधिक लेख, 5 दर्जन कहानियाँ और 250 से अधिक कवितायें पत्र/ पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही, उनके 7 म्यूजिक एल्बम ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुके हैं। वित्तीय साक्षरता और हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान देने के लिए सिंह को एक दर्जन से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सिंह की तीन पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं।

# एप से होगा गड्ढों का समाधान

■ मेयर ने शहर की बेटी साइना भटनागर की ओर से तैयार वेब ऐप को किया लांच

**अंबाला।** अंबाला शहर की बेटी साइना भटनागर ने एक वेब ऐप बनाकर शहरी क्षेत्र में गड्डों की समस्या के निदान का बेहतर प्रयास किया है। बुधवार को इस ऐप को लांच करने और इसके प्रसार और टेस्टिंग की शुरुआत हुई।

इस ऐप के जरिए अंबाला शहर नगर निगम के नागरिक अपने क्षेत्र में सड़क पर हुई गड्ढों की तस्वीर अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे। अंबाला शहर की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि युवा पीढ़ी के इस तरह के प्रयास और सजगता को देखकर बहुत अच्छा लगता है। मन में ऐसा विश्वास जगता है इस तरह के प्रयासों से जल्द ही अंबाला में सफाई व्यवस्था को ठीक किया जा सकता है। जब शहर के युवाओं में इन समस्याओं को लेकर पीड़ा है। इनको सुलझाने की इच्छा शक्ति है तो वह दिन दूर नहीं जब अंबाला शहर भी स्वच्छता सर्वेक्षण जैसे प्रयासों में अच्छी रैंकिंग लेकर के आएगा।

नगर निगम में सफाई और सड़क के गड्ढों की सूचना नगर निगम अधिकारियों तक पहुंचे इसका तंत्र आम नागरिक तक नहीं पहुंचा है। इस तरह की ऐप और प्रयास इस सूचना तंत्र को और सुचारू करने में कारगर साबित होंगे।

मुसीबत | डीआरएम ऑफिस की ओर से यात्रियों की शिकायतों की जांच शुरू

# बूम बैरियर शुरू होते ही यात्री फिर परेशान पहले दिन से बर्ताव को लेकर शिकायतें शुरू

पहले भी यात्री कर चुके हैं ऐसी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नया बूम बैरियर सिस्टम शुरू किया गया है। हालांकि तीन दिन पहले चालू हुए इस सिस्टम को लेकर लोग फिर सवाल उठाने लगे हैं।

सिस्टम चलाने वाले कर्मियों के बर्ताव को लेकर ज्यादातर लोग शिकायतें कर रहे हैं। यात्रियों ने पार्किंग स्टाफ के व्यवहार और अव्यवस्था को लेकर रेलवे प्रशासन से नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि 9



नवंबरब से जैसे ही नए टेंडर के तहत बूम बैरियर सिस्टम चालू हुआ उसी दिन से पार्किंग स्टाफ और यात्रियों के बीच विवाद के मामले सामने आने लगे। एक यात्री ने तो सीधे रेल मंत्री और अंबाला डीआरएम को टैग करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर शिकायत दर्ज की। उसने लिखा कि पार्किंग स्टाफ ने उसके साथ बदतमीजी की जिसके कारण वह समय पर स्टेशन के अंदर नहीं पहुंच सका और उसकी ट्रेन छूट गई। यह कोई नया मामला नहीं है।

इससे पहले भी पिछले टेंडर अवधि में पार्किंग स्टाफ और यात्रियों के बीच विवाद और बदसलूकी की घटनाएं सामने आती रही थीं। कई बार यात्रियों ने आरोप लगाया कि स्टाफ मनमानी वसूली करता है और पार्किंग टिकट देने से भी बचता है।

### समस्या अब भी बरकरार

अब दोबारा से टेंडर लागू होने और बूम बैरियर शुरू होने के बाद भी शिकायतें आना यह दर्शाता है कि समस्या अब भी बरकरार है। शिकायत सामने आने के बाद रेलवे प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। सीनियर डीसीएम नवीन झा ने बताया कि शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में पार्किंग स्टाफ की गलती पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।